<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–02 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश में चौबीस से छब्बीस जनवरी तक मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाएगा मुख्य आयोजन। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की तैयारियों की समीक्षा।
- ग्राम सभा द्वारा विकसित भारत जी राम जी अधिनियम दो हजार पचीस के तहत कराया जा सकता है गांव की जरूरत का कोई भी काम। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने कहा–अधिनियम में एक सप्ताह के भीतर मजदूरी देना है अनिवार्य।
- प्रदेश भर में शुरू हुआ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह। जीरो फेटेलिटी का लक्ष्य हासिल करने के लिए इकतीस जनवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा का यह विशेष अभियान।
- प्रदेश भर में ठंड तथा कोहरे से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने इस सप्ताह भी कहीं कहीं घना कोहरा पड़ने की जताई आशंका।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में 24 से 26 जनवरी तक प्रदेश में मनाए जाने वाले उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक की। एक रिपोर्ट

**मुख्यमंत्री ने कहा है कि उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन इस वर्ष लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाए। नोएडा शिल्पग्राम गौतमबुद्ध नगर समेत इसका आयोजन सभी जनपदों, देश के अन्य राज्यों व उन देशों में भी भव्य रूप से हो, जहां बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के निवासी रहते हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, माटी कला बोर्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, चिकित्सकों, प्रगतिशील किसानों व वैज्ञानिकों का सम्मान किया जाए। मुख्यमंत्री ने 12 जनवरी को युवा दिवस, 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को भव्यता से मनाने के निर्देश भी दिए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

मुख्यमंत्री ने कल से प्रयागराज में शुरू हो रहे माघ मेले की तैयारियों के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले आगंतुकों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसे सुनिश्चित किया जाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में अयोध्या कैलेंडर का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि अयोध्या विश्व पटल पर भारत की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है। यह कैलेंडर अयोध्या की आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक वैभव और ऐतिहासिक महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता हैं।

**********

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, दो हजार पचीस के तहत गांव की जरूरत का कोई भी काम कराया जा सकता है, लेकिन यह फैसला ग्राम सभा करेगी। श्री चौहान ने कल महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के लोनी बुद्रुक में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीण जनों, श्रमिक और मजदूर भाई बहनों के साथ संवाद किया । इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि नये अधिनियम के तहत अब मजदूरी एक सप्ताह के भीतर देना अनिवार्य बनाया गया है। अगर मजदूरी का पंद्रह दिन में भुगतान नहीं हुआ, तो मजदूर को शून्य दशमलव शून्य पांच प्रतिशत अतिरिक्त मजदूरी ब्याज के रूप में मिलेगी। श्री चौहान ने बताया कि इस योजना में एक–तिहाई यानी तैंतीस प्रतिशत काम महिलाओं को देना अनिवार्य किया गया है।

**********

प्रदेश के चौसठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों–सीएचसी पर डिजिटल एक्स–रे मशीन स्थापित की जाएंगी। उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक ने इन मशीनों की स्थापना के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दे दी है। हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया कि इन मशीनों की स्थापना से चिकित्सकीय सुविधाएं और सुलभ तथा आधुनिक हो जाएंगी।

**********

प्रदेश भर में बिजली बिल राहत योजना दो हजार पचीस के प्रथम चरण की अवधि को और बढ़ा दिया गया है। पहले चरण के अंतिम दिन देर रात तक चले राहत शिविरों में उमड़ी भारी भीड़, आमजन की व्यापक भागीदारी और योजना के प्रति गहरी रुचि को देखते हुए ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने यह निर्णय लिया। उपभोक्ता अब कल तक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में कल से जीरो फेटेलिटी लक्ष्य हासिल करने के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ हुआ। इकतीस जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के दौरान चार ई मॉडल–"शिक्षा, प्रवर्तन, अभियंत्रण और आपातकालीन देखभाल" पर ध्यान दिया जाएगा।

बदायूँ में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कल सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई व जागरुकता प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। पीलीभीत में प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार और चित्रकूट में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अभियान का शुभारंभ किया। मैनपुरी और हापुड़ सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ के अवसर पर लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

**********

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कल नई दिल्ली में आकाशवाणी भवन में राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के दो प्रारूप जारी किए। ये आकाशवाणी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले राष्ट्र गीत के प्रस्तावित 25 प्रारूपों में से पहले दो हैं। वंदे मातरम् की रचना के एक सौ पचासवें वर्ष के अंतर्गत ये प्रारूप डिजिटली जारी किए गए। इस अवसर पर श्री द्विवेदी ने कहा कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम का केवल गीत भर नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता का सशक्त और शाश्वत उद्घोष है।

**वन्दे मातरम् की रचना हमारे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हुई थी। स्वतंत्रता आन्दोलन के साथ जुडकर ये केवल एक गीत नहीं रहा बल्कि आजादी की लड़ाई का सशक्त प्रतीक बन गया। लोगों ने इसे सिर्फ एक गीत के रूप में नहीं बल्कि एक नारे और अभिवादन के रूप में भी अपनाया। इसकी रचना के 150 वर्ष पूर्ण होना, हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जब हम इसे सुनकर और भावार्थ समझकर स्वयं को राष्ट्र के प्रति पुनः समर्पित कर सकते हैं।**

राष्ट्र गीत के इन दोनों प्रारूपों के संयोजक उस्ताद जौहर अली ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत की।

**वन्दे मातरम् एक का ऐसा देशभक्ति का गीत है, जिसे हम सब बहुत प्यार करते हैं और हम चाहते हैं कि जैसे हम मिलते हैं हम एक दूसरे को वन्दे मातरम् कहेंगे, संगीत के प्रति। क्योंकि हमने यह जो वर्जन दिया है वह दो स्टाइल, एक तो कर्नाटक शैली का फ्लेवर है और एक हिन्दुस्तानी म्युजिक इनस्ट्रूमेंटल वर्जन है और भी वर्जन हम बजाने जा रहे हैं लॉकल वर्जन और इस तरह से।**

**********

केंद्र सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इनमें मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थिति संहिता 2020 शामिल हैं। इन मसौदा नियमों पर 45 दिन के अंदर सभी हितधारक अपनी आपत्तियां और सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

**श्रम मंत्रालय ने देश में दशकों से चल रहे मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और सुव्यवस्थित करने के लिए पिछले वर्ष 21 नवंबर को इन चार नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन की घोषणा की थी। मंत्रालय के अनुसार, नई श्रम संहिताएँ देश के कार्यबल के लिए बेहतर मजदूरी, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करेंगी। ये सुधार 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच, ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार श्रमिकों के लिए सामाजिक न्याय की गारंटी भी सुनिश्चित करते हैं, दीपेंद्र की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।**

**********

प्रदेश के कई जिलों में कल धूप निकलने से लोगों को ठंड से थोड़ी देर के लिए राहत मिली, हालांकि कुछ जिलों में घने कोहरे और ठंड का प्रभाव बना रहा। मौसम विभाग ने अगले छत्तीस घंटों में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक आज से सात जनवरी तक प्रदेश में कहीं–कहीं घने कोहरे की संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********